गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 19.04.2014 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 19.04.2014 को दोपहर 12:00 बजे प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

01.	डॉ0 एम.एस.के. खोखर, कुलपति	अध्यक्ष
02.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
03.	प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा	सदस्य
04.	प्रो0 एस.के. चतुर्वेदी	सदस्य
05.	प्रो0 जी.के. पात्रा	सदस्य
06.	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
07.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार	सदस्य
08.	प्रो0 व्ही.एस. राठौड़	सदस्य
09.	डॉ0 मनीष श्रीवास्तव	सदस्य
10.	डॉ0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
11.	डॉ0 भारती अहिरवार	सदस्य
12.	प्रो0 एस.वी.एस. चौहान	सदस्य
13.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	विशेष आमंत्रित
14.	प्रो0 आई.डी. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारंभ में कुलपति जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई।

विषय क्र.-01. **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15.04.2014 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15.04.2014 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र.-02. **एमबीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रश्न पत्रों के मूल्यांकन के संबंध में छात्रों से प्राप्त अभ्यावेदन के संबंध में।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित एम.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के प्रश्न पत्र (1) Management Process and Organizational Behaviour AS-2403, (2) Indian Ethos and Values As-2408 तथा तृतीय सेमेस्टर के प्रश्न पत्र (1) Management Training and Development AS-2429 के मूल्यांकन के संबंध में छात्रों से प्राप्त अभ्यावेदन के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय स्तर पर समिति का गठन किया गया था। साथ ही कुलपति महोदय के आदेशानुसार उत्तरपुस्तिकाओं का पुर्नमूल्यांकन बाह्य परीक्षकों से कराया गया।

मुख्य परीक्षक द्वारा किये गये मूल्यांकन के प्राप्तांकों तथा बाह्य परीक्षकों से प्राप्त प्राप्तांकों के संबंध में अध्ययनशाला के अधिष्ठाता से अभिमत प्राप्त किया गया।

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रथमतः परीक्षा परिणामों की नियमानुसार घोषणा की जावे तथा गठित समिति की बैठक आहूत कर प्राप्त प्रतिवेदन स्थायी समिति की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

अध्यक्ष एव उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति/अध्यक्ष | **कुलसचिव (कार्यवाहक)**